उत्तर प्रदेश विधान परिषद् के प्रथम सत्र 2023 के द्वितीय शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या–4 का उत्तर।

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 4 (क) | क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि ग्राम सभा–पिपरसन्डा, तहसील–बलिया सदर, जनपद–बलिया के अन्तर्गत खसरा संख्या–123 की भूमि खेल के मैदान हेतु दर्ज है ? | ग्राम पिपरसन्डा, तहसील व जनपद बलिया के राजस्व अभिलेख में खाता संख्या–290 गाटा संख्या–123 खेल के मैदान के नाम से दर्ज है। |
| (ख) | यदि हॉ, तो उक्त खेल के मैदान की भूमि का कुल रकबा कितना है ? | उक्त खेल के मैदान की भूमि का कुल रकबा 1. 181 हे0 है। |
| (ग) | क्या उक्त गॉव के सार्वजनिक खेल के मैदान की भूमि पर कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से कब्जा करने के कारण आस–पास की ग्राम सभा के बच्चे खेलने से वंचित हो रहे है ? | उक्त ग्राम सभा की सार्वजनिक खेल के मैदान की भूमि पर जिला पंचायत द्वारा दो टिन शेड क्षे0 0.008 हे0, दो सामुदायिक शौचालय क्षे0–0.002हे0 बनवाया गया है। खेल के मैदान के दक्षिण छोर पर एक सन्त बसेरा बना हुआ है जिसका क्षे0–0. 012हे0 है। खेल के मैदान की भूमि पर विधायक निधि द्वारा एक रैनबसेरा बनवाया गया है जिसका क्षे0–0.006हे0 है। उक्त खेल के मैदान के दक्षिणी रास्ते के उत्तरी ओर शेष भूमि खाली है जिस पर बच्चे खेलते हैं। उक्त आराजी पर किसी अन्य व्यक्तियों द्वारा कब्जा नहीं किया गया है। |
| (घ) | यदि हॉ, तो क्या अवैध रूप से कब्जा करने वाले व्यक्तियों से उक्त खेल के मैदान की भूमि को कब्जा मुक्त कराकर खेल का मैदान बनवायेंगे ? | उपरोक्तानुसार। |
| (ड) | यदि हॉ, तो कब तक ? | उपरोक्तानुसार। |
| (च) | यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

योगी आदित्यनाथ
मुख्य मंत्री।